प्रेषक,

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा नैनीताल
उत्तराखण्ड

सेवा में,

मण्डलीय अपर निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा,कुमाऊँ मण्डल,
नैनीताल।

पत्रांक– – / श्रीमती गुलनाज सैफी / 2024–25 दिनांक / 1_ सितम्बर,2024

विषय– श्रीमती गुलनाज सैफी,स0अ0,रा0प्रा0वि0 जयपुर बीसा विकासखण्ड– हल्द्वानी नैनीताल के शिकायती प्रकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक–1656–57 दिनांक 23 अगस्त,2024 द्वारा दिनांक 24 अगस्त,2024 को आपके कार्यालय में योजित सुनवाई में दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रीमती गुलनाज सैफी स0अ0 द्वारा मा0उत्तराखण्ड अल्प संख्यक आयोग में दायर अपील के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि श्रीमती गुलनाज सैफी द्वारा मा0आयोग में दिनांक 14.07.2024 को यह अपील दायर की गयी थी कि वार्षिक स्थानान्तरण 2024 के तहत अनिवार्य स्थानान्तरण की श्रेणी में उनका स्थानान्तरण रा0प्रा0वि0 रौशिलजाला भीमताल में किया गया। उनका कथन यह था कि स्थानान्तरण से पूर्व विभाग द्वारा वेबसाइड पर जो रिक्तियाँ प्रदर्शित की गयी थी, काउंसिलिंग के समय जो रिक्तियाँ प्रदर्शित की गयी उन रिक्तियों में भिन्न थी। इस कारण वह इच्छित विकल्प का चयन करते समय रिक्तियों का सही तरीके से परिक्षण नही कर पायी।

श्रीमत गुलनाज सैफी द्वारा आग्रह किया गया कि उनका वर्तमान अनिवार्य स्थानान्तरण के तहत वर्तमान आवंटित विद्यालय के स्थान पर रा0प्रा0वि0स्यूड़ा या डौलीखत्ता में से जहाँ पद रिक्त है, और जो दुर्गम श्रेणी के विद्यालय है उनमें से कोई एक विद्यालय आवंटित कर स्थानान्तरण आदेश में संशोधन कर दिया जाये। इस सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या–3202–04 दिनांक 20 अगस्त,2024 द्वारा निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड ननूरखेड़ा देहरादून को प्रार्थी द्वारा आवेदित विद्यालयों में स्थानान्तरण संशोधन हेतु उचित दिशा निर्देश एवं अनुमति प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड ननूरखेड़ा देहरादून के पत्र संख्या–10144–10146 दिनांक 28 अगस्त,2024 द्वारा इस विषयक आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप श्रीमती गुलनाज सैफी का इस कार्यालय के आदेश संख्या–217 दिनांक 09 सितम्बर,2024 द्वारा आवेदित विद्यालय में स्थानान्तरण संशोधन कर दिया गया है। उक्तानुसार अपील का अन्तिम रूप से निस्तारण एवं निक्षपण किया जा चुका है।

महोदय की सेवा में आख्या सादर प्रस्तुत है।

भवदीय

(एच0बी0चन्द)
जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा नैनीताल।